newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ५२ | १५ से २१ जनवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024


संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता


## उम्मीद की पलट

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक २१ जून, २०२२ को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर पिछले काफी समय से चल रहा जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, वह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ। हालांकि इस फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच एक कशमकश बनी हुई थी, इसके बावजूद एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था। वहीं उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक २१ जून, २०२२ को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो १९९९ में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का १९९९ का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में २०१८ किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही उचित प्राधिकार बताया था और दस जनवरी तक का वक्त निर्धारित किया गया था। मगर अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। यानी एक बार फिर यह मामला शीर्ष अदालत के कठघरे में जा सकता है। जो हो, फिलहाल जो तस्वीर सामने आई है, उससे यही लगता है कि अब उद्धव ठाकरे के समूह के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत पड़ेगी। अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक समीकरण में नई तस्वीर भी उभर सकती है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से शिवसेना का प्रभाव अलग-अलग रूप में कायम रहा है। अब दो समूहों में बंटने के बाद और राज्य में मुख्य रूप से भाजपा के समांतर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ध्रुवों के बीच सिमटी शक्ति के साथ शिवसेना की राज्य की राजनीतिक दिशा को तय करने में कितनी और क्या भूमिका होगी, यह देखने की बात होगी।

## गुटखा माफियाओं पर शिकंजा कसने पर पुलिस विभाग नाकाम

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा भाईंदर :** मीरा भायंदर में लगभग चार हजार से अधिक पान की दुकान हैं, जिसमें तीन हजार से अधिक दुकानों में धड़ल्ले से प्रतिबंधित पान मसाला, गुटखा, तम्बाकू बेचा जा रहा है। हर दूसरी, तीसरी दूकान पर प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला मिल जायेगा, यह समस्या पुरे मीरा भायंदर की है। पुलिस आयुक्तालय होने के बाद कुछ वक्त तक इनसब गतिविधियों पर नकेल लग गई थी, लेकिन अब सभी गुटखा व्यापारियों को जैसे पंख लग गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा इनपर कार्रवाई की जाती है, माल भी जब्त करके मुकदमा दाखिल किया जाता है, बावजूद इसके इसपर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने में असफलता दिखाई दे रही है। अन्न एवं औषधी प्रशासन विभाग कुम्भकर्णी नींद में सो रहा है, जैसे इस मामले में उनकी कोई जिम्मेदारी बनती ही नहीं। मीरा भायंदर में अवैध गुटखा व्यापार अघोषित उद्योग बन गया है, इस सिंडीकेट में मैन्युफैक्चरर, स्टॉकिस्ट, डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेलर सबकी एक लम्बी चैन है, कहाँ से माल आएगा, कहाँ रुकेगा, कहाँ जायेगा किसको कितना बोरा देना है, यह सब पहले से तय करके बाकायदा माल दुकानों तक पहुंचाया जाता है. यह सब खुलेआम होता है लेकिन महज कुछ



लोगों पर ही कार्रवाई हो पाती है, जबकि स्टॉकिस्ट और डिस्ट्रीब्यूटर साफ बच निकलते हैं। सबको सब पता है, सूत्रों की मानें तो जिन पुलिस स्टेशन के इलाके में यह प्रतिबंधित गुटखा बेचा जाता है, वहाँ के कुछ पुलिसकर्मी बाकायदा सारी जानकारी रखते हैं, और मुखबिर अथवा अन्य पानशॉप के मालिक के माध्यम से हर महीने निर्धारित रकम भी जमा करवाते हैं। ऐसा चर्चा का विषय है इस शहर में. इस व्यवसाय के मुनाफे को देखते हुए कई अधिकारी पान वालों के पार्टनर बन गए हैं। अब ऐसे माहौल में इस पर लगाम लगाना एक टेढी खीर साबित होता नजर आ रहा है. डाक्टरों की मानें तो गुटखा मुँह के कैंसर का सबसे तेज कारण है, और एक बार इसकी चपेट में आने वाला व्यक्ति जल्द उबर नहीं पाता, इलाज में कइयों ने घर बेच दिया उसके बावजूद भी जान नहीं बची, परिवार को अनाथ छोड.देने वाले कई उदाहरण हैं, जिसका कारण मुँह के कैंसर से होने वाली मौत है। लेकिन अपने फायदे के लिए लोगों की जान से खिलवाड.करने वालों पर कठोर कदम अब तक नहीं उठाया जा रहा है। महकमे के लोग दबी जुबान में स्वीकार करते हैं, की इस नेटवर्क को तोडना आसान नहीं है, मामला बहुत गंभीर स्वरुप ले चुका है, आस पडौस के जिले भी इसमें शामिल हैं, जहाँ से प्रतिबंधित गुटखा लाया जाता है, गुटखा व्यवसाय से जुडे.सूत्रों के अनुसार इस काले धंधे से जुडे.कई नाम हैं जो व्यवसाय में शामिल हैं जिसमें मुख्य रूप से अब्दुल्ला रहीम, पापा सेठ, बाबू सेठ, गौरव हपानी, महेंद्र यादव, सतीश गुप्ता, महेश गुप्ता, अजय दुबे, श्री प्रकाश यादव, देवेंद्र उपाध्याय उफ.चुना सेठ, बबलू खान, जयेश शर्मा, सुरेश शर्मा, मनोज मिश्रा, रामाश्रय मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया अब्दुला सेठ, जावेद ऐसे कई लोग हैं जो इस अवैध गोरख धंधे को अंजाम दे रहे हैं। अब यह देखना होगा की इस अवैध कारोबार पर कब तक लगाम लगती है।

## मुंबई में बना सबसे बडा पुल, यातायात को मिलेगी राहत



मुम्बई: प्रधान मंत्री नरेंद मोदी ने अटल सेतु का उद्घाटन कर दिया है. मुंबई के लोगों के लिए के लिए एक अच्छी खबर है. पीएम मोदी ने दिसंबर, २०१६ में इस पुल की नीव रखी थी. यह भारत का सबसे लंबा पुल और भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है. यह पुल लगभग २० किमी लंबा छह लेन वाला पुल है, जिसकी लंबाई समुद्र के ऊपर लगभग १६.५ किमी और जमीन पर लगभग ५.५ किमी है. यह मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सीधा संपर्क प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा। इस कार्य से शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत होगी और नागरिकों की 'आवाजाही में आसानी में भी आसानी होगी। बता दे दिसंबर २०१६ में प्रधान मंत्री द्वारा पुल की नीव रखी गई थी. यह २० किलोमीटर लंबा छह लेन वाला पुल है।

## भाईंदर में टीयूएमसी संस्था ने गांवों का किया सर्वेक्षण

**सत्ता संवाददाता**

भायंदर : भायंदर पश्चिम के ६ गांव के लिए स्वतंत्र विकास योजना प्रारूप (डीपी ) बनाने का कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए मनपा ने टीयूएमसी नामक एक संस्था की नियुक्ति की गई है। स्वतंत्र डीपी में समाविष्ट होने वाले सभी ६ गांव के सीमांकन और सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है। इस परिसर के लिए स्वतंत्र डीपी तैयार होने के बाद यहां तेजी से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। बता दें कि भायंदर पश्चिम का उत्तन परिसर अरब सागर के तटीय क्षेत्र से जुडा हुआ और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा हुआ है। इस संपूर्ण परिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए मुंबई महानगर प्रदेश प्राधिकरण के माध्यम से १९९६ से २०२१ के दौरान एक योजना बनाई गई थी। इस प्रादेशिक योजना अंतर्गत मीरा – भायंदर मनपा क्षेत्र के भायंदर पश्चिम स्थित ६ गांव उत्तन, पाली,चौक , तारोडी,डोंगरी, और मोर्वा और मुंबई मनपा क्षेत्र के २ मनोरी, गोराई ऐसे ८ गांव का समावेश कर मनोरंजन और पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया था। उक्त अवधि में योजना के अनुरूप इन ८ गांव का पर्यटन अथवा मनोरंजन का उल्लेखनीय विकास नही हो सका। जिससे इस परिसर के नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड.रही थी।मुंबई महानगर प्रदेश प्राधिकरण की योजना की उपरोक्त अवधि समाप्त हो जाने के बाद मीरा-भायंदर मनपा ने भायंदर के ६ गांव को पुन: मनपा में समाविष्ट करने की मांग राज्य सरकार से की थी। मनपा की मांग पर करीब एक वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इन गांव को मनपा में समाविष्ट करने के आदेश दिए थे।

इसी दौरान इन ६ गांव को छोडक़र मनपा के बाकी क्षेत्र के लिए नई विकास योजना प्रारूप (डीपी) ठाणे सहायक नगररचना विभाग द्वारा तैयार की गई। जिसे अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भेजी गई है। जिससे मनपा प्रशासन ने उपरोक्त ६ गांव के लिए स्वतंत्र डीपी बनाने का निर्णय लिया है। इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए संस्था टीयूएमसी ने उत्तन गांव का सर्वेक्षण कर उसके सीमांकन की शुरुआत की है। इसके बाद प्रत्यक्ष रोड मैपिंग कर प्रारूप (नक्शा) तैयार किया जाएगा। जिसमे आवश्यक कार्यों के लिए जगह आरक्षित किए जाएंगे।

भायंदर पश्चिम के उतन परिसर के ६ गांव का विकास योजना प्रारूप (डीपी) तैयार करने का कार्य एक एजेंसी को दिया गया है। इस कार्य की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है। वर्तमान में इन गांव की सीमा निश्चित करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है - पुरुषोत्तम शिंदे, सहायक संचालक, नगर रचना एमएमसी

## एंबुलेंस के नाम पर महाघोटाला !

**मुंबई** : राज्यभर में गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए आधार बने सरकारी एंबुलेंस से पैसे कमाने का धंधा इस शिंदे सरकार ने शुरू किया हुआ है। एंबुलेंस के लिए आवश्यक ४,००० करोड़ रुपए के टेंडर को बढ़ाकर ८,००० करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। एक तरह से करोड़ों के गबन का कार्य चल रहा है। इस तरह का आरोप लगाते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री के रिश्तेदारों और करीबी ठेकेदारों की जेब भरने के लिए सरकार ने टेंडर की रकम को




बढ़ाकर महाराष्ट्र में एंबुलेंस महाघोटाला करने का पैंतरा चला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी तिजोरी को लूटने के लिए सरकार का यह कार्यक्रम जोर-शोर से शुरू है। इस टेंडर को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से पत्र द्वारा शिकायत की गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा कि एंबुलेंस महाघोटाला सामने आया है। यह घोटाला आठ हजार करोड़ रुपए का है। सात दिनों की शार्ट नोटिस पर टेंडर जारी किया गया है। चार हजार करोड़ रुपए के काम के लिए आठ हजार करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी। इसमें मंत्री के रिश्तेदारों को काम मिला है। सरकार में कुछ नेताओं की जी-हुजूरी करनेवाले खुद यह ठेकेदार को यह काम देने की कोशिश इस सरकार के माध्यम से की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गरीब मरीजों के लिए बनी इस योजना के टेंडर में आठ हजार करोड़ रुपए के बड़े घोटाले की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाकर ऐसा काम सरकार कर रही है।

## ठगबाज की सरगर्मी से तलाश

नई मुंबई : पैसा डबल करने का लालच दिखाकर खारघर के रहनेवाले २३ वर्षीय युवक के साथ ९ लाख ६६ हजार रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को पुलिस ने दर्ज कर ठगबाज की तलाश शुरू की है। प्राप्त जानकारी अनुसार, तेलंगाना का २३ वर्षीय युवक गनाराम खारघर में अपने दोस्त के साथ रहकर शिक्षा ले रहा है। १९ मई को उसके टेलीग्राम एप्प पर एक लिंक अज्ञात व्यक्ति ने भेजा था। इस दौरान उसे शिक्षा के साथ साइड बाय साइड उनके साथ काम करने पैड पैसा कमाने का लालच दिखाकर एक लिंक भेजा गया। उस लिंक पर जब उक्त युवक ने क्लिक किया तो उसमें पैसा डबल करने का बताया गया था, जिसके कारण युवक ने पैसे की लालच में सहमति दर्शाई, जिसके बाद युवक को एक टास्क ग्रुप से जोड़ा गया। इस टास्क में युवक को पैसा निवेश करने को कहा गया था। इस दौरान युवक ने उनके द्वारा दिए गए यूपीआई आईडी पर ८० हजार रुपए भेजा। हालांकि, इसके बाद यह पैसा पाने के लिए युवक से अलग-अलग यूपीआई आईडी पर अनेकों कारण बताकर कुल ९ लाख ६६ हजार १२ रुपए ऐंठ लिए, लेकिन इसके बदले उसे कोई पैसा नहीं दिए, जिसके बाद युवक ने शुक्रवार को खारघर पुलिस से शिकायत की है।

## जनता में साइबर अपराधों की जागरुकता को लेकर पुलिस कर रही है अच्छा काम

**जेकेएस संवाददाता**

**भाईंदर** : शहर में लोगों के बीच साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एमबीएमसी पुलिस आयुक्तालय के माध्यम से शहर के सभी इंस्टाग्राम कलाकारों के लिए, इंस्टाग्राम रील्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, दो महीने चले इस प्रतियोगिता में शहर के लगभग ५०० कलाकारों ने हिस्सा लिया था। एमबीएमसी पुलिस आयुक्तालय ने लता मंगेशकर नाट्य गृह में इस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा करते हुए विजेताओं में प्रथम पुरस्कार विकास गौतम को २१ हजार, द्वितीय



पुरस्कार साहिल दलवी को १५ हजार, और तृतीय पुरस्कार भारत सिंह को ११ हजार रूपये और मानचिन्ह प्रदान किये। पुलिस कमिश्नर मधुकर पाण्डेय ने बताया की साइबर अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए विजेता इंस्टाग्राम कलाकारों द्वारा समय समय पर शहर में जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा, साथ ही सायबर क्राइम से निपटने के लिए हम अपने सायबर सेल को विशेष तैयारी के साथ और अधिक सक्षम बनाएंगे। पिछले तीन सालों में हमने सायबर फ्रॉड के शिकार हुए पीड़ितों का लगभग सवा ३ करोड़ रूपये वापस उनके बैंक खातों में सुरक्षित जमा कराके उन्हें सायबर क्राइम से छुटकारा दिलाने में सफलता हासिल की है। उक्त कार्यक्रम का आकर्षण मुख्य अतिथि देश के प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम थे, उन्होंने कलाकारों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा की आज के इस आधुनिक युग में सायबर अपराध एक बहुत ही गंभीर व चिंताजनक विषय है पर थोड़ी सतर्कता के साथ हम इससे बच सकते है, शहर के लोगों में इस अपराध के प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से समपप पुलिस आयुक्तालय ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।




# सरकारी अस्पतालों में दवा की कमी



मुंबई : राज्य के करीब १२ हजार सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी है और महागठबंधन सरकार ने महाराष्ट्र मेडिकल गुड्स प्रोक्योरमेंट अथॉरिटी की स्थापना की है, लेकिन इस अथॉरिटी का अब तक सेटअप नहीं हो सका है। हवा में दवा प्राधिकरण चलने से दवाइयां लापता हो गईं। राज्य में ५०० सरकारी अस्पताल, १,८०० प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और १० हजार ५०० उप स्वास्थ्य केंद्र हैं। इन अस्पतालों को मरीजों को मुफ्त दवाओं के साथ-साथ मुफ्त चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। लेकिन मराठवाड़ा और राज्य के आदिवासी इलाकों के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी है। बताया जाता है कि डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाओं में से कुछ ही दवाएं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध होती हैं। मरीजों का कहना है कि कुछ जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें बाहर से खरीदने की सलाह दी जाती है। मरीजों का कहना है कि इसमें त्वचा रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और आई ड्रॉप नहीं मिलता है। १५ अगस्त, २०२२ को राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज के साथ-साथ दवाएं और अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का निर्णय जारी किया, लेकिन अभी भी सप्लाई में कटौती है। इससे अस्पतालों में दवाओं की कमी हो गई है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में दवा आपूर्ति के लिए गठित प्राधिकरण का कामकाज शुरू होने में हो रही देरी के कारण अस्पतालों को दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण की स्थापना के बाद आवश्यक समिति की नियुक्ति में देरी हुई। इसलिए टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। मार्च में कानून बनने के करीब पांच महीने बाद अगस्त के मध्य में दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई। नियमानुसार इस प्रक्रिया को पूरा होने में कम से कम दो महीने का समय लगता है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि इसके कारण पिछले छह महीने से सरकारी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति काफी कम थी।

# परिमंडल १२ पुलिस उपायुक्त स्मिता पाटील को किया गया सम्मानित

**जेकेएस संवाददाता**

**मुंबई।** राजमाता जिजाऊ जयंती के अवसर पर नारी शक्ति को सम्मानित करने की परम्परा को आगे बढाते हुए उत्तर मुम्बई के सांसद गोपाल शेट्टी ने परीमंडल १२ की उपायुक्त स्मिता पाटिल को सम्मानित किया गया। स्थानिक विधायिका मनीषा चौधरी के साथ आज सुबह दहिसर के शैलेन्द्र नगर स्थित डीसीपी कार्यालय पहुंचकर सां.गोपाल शेट्टी ने डीसीपी स्मिता



पाटील को शाल, और राजमाता जिजाऊ की प्रेरक चित्र और पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए सम्मानीत किया। सांसद गोपाल शेट्टी ने डीसीपी स्मिता पाटील की कार्यप्रणाली और प्रमाणिकता पर संतोष प्रकट करते हुए उन्हें शुभकामनायें दीं। परिमंडल १२ को सुरक्षित रखने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के उनके प्रयासों की सफलता पर बधाई भी दी। इस अवसर पर सां. गोपाल शेट्टी के साथ दहिसर की विधायक मनीषाताई चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता पाटील, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर शाह, अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ

पालघर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार १३ जनवरी २०२४ को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। भव्य कलश शोभायात्रा का शुभारंभ महिलाओं द्वारा जय श्रीराम का जयकारे लगाते कलश सिर पर रखकर तथा पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भक्तजनों पर पुष्प वर्षा कर व राजराजेश्वरी श्री परमहंस डॉ. गिरी जी महराज के शुभ हाथों पूजन अर्चन करते नारियल तोडक़र की गई। राजराजेश्वरी श्री परमहंस डॉ. गिरी जी महराज के सानिध्य में यह कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ भगवा ध्वज लहराते, पुरोहितों द्वारा शंखनाद करते श्री जगन्नथ मंदिर काटकर पाडा से निकलकर डीजे नगर, एस.बी.आई., कामतेश्वर मंदिर, भंडारवाडा, भवानी चौक, काटकर पाडा होते हुए मनोकामना ईच्छापूर्ति शिवर्मोदर व कलरसिटी के पास बने भव्य कथा पंडाल में पहुंची। जहां शाम ठीक ४ बजे कथावाचक पंडित विनय त्रिपाठी जी महराज के मुखारविंद से अमृतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस भव्य कलश शोभायात्रा में राजराजेश्वरी श्री परमहंस डॉ. गिरी जी महाराज, एस.पी.सिंह, चंदन सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, शोभनाथ त्रिपाठी, दयाराम मिश्रा, मुकेश दुबे, नीलम संखे, चंद्रकांत जाधव, प्रशांत संखे, अजय दिवे, महेंद्र भोणे, विजय वैद्य, संदीप संखे, हितेंद्र दुमाडा, सनद साहू, कुंदन सिंह, रामरजन सिंह, मनोज मिश्रा, अरविंद सिंह, राहुल सिंह, धनंजय सिंह, संतोष तिवारी, सतीश सिंह, प्रदीप झा, कथावाचक पंडित विनय त्रिपाठी, अरुण तिवारी उर्फ कारिया महाराज, आर.बी. सिंह,तुलसीराम केवट, जिलेदार वर्मा, आनंद प्रसाद, प्रदीप सिंह, एल.पी. सिंह, संजय सिंह, शिव सिंह, रवि महतो, राजेश यादव, लाला चौधरी, किशन गढव्री, राबिन सिंह, प्रवीण राजपुरोहित, जितेंद्र दुबे, विकास शुक्ला, रवि सिंह, कुंदन सिंह, गणेश राणा, निमोहीं यादव, अजय सिंह, सुरेंद्र तिवारी, संजय बारी, नर सिंह, सुभाष दुबे, महेंद्र यादव, ओम शांति ब्रह्म कुमारी की बहनें व अन्य गणमान्य लोगों, मीडियाकर्मियों समेत हजारों की तादात में सिर पर कलश लिए महिलाएं शामिल रहीं।










# पुलिस ने पेट्रोल पंप पर डकैती की कोशिश नाकाम की, महिला समेत ६ गिरफ्तार

**पालघर :** पालघर जिले में पुलिस ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश को नाकाम कर दिया और इस सिलसिले में एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। विरार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा के अधिकारियों ने शुक्रवार रात को विरार इलाके में जिवदानी हेलीपैड के पास एक जीप खडी देखी जिसमें कुछ लोग अपनी साजिश को अंजाम देने के बारे में चर्चा कर रहे थे। बातचीत सुनने के बाद पुलिस को इलाके में एक पेट्रोल पंप पर डकैती करने की उनकी साजिश के बारे में पता चला और तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस ने डकैतों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। बाद में पुलिस ने एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिकी के मुताबिक पकड़े जाने के दौरान सभी आरोपियों को मामूली चोटें आईं। आरोपियों की उम्र २० से ४८ साल की वर्ष के बीच है। अधिकारी ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर जिले का निवासी एक अन्य आरोपी भागने में सफल रहा। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक हेलिकॉप्टर, कुछ बड़े चाकू और डकैतियों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान जब्त किए और उनकी जीप जब्त कर ली। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से तीन मध्य प्रदेश के गुना के, दो अहमदनगर के और एक महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर का रहने वाला है।



























# गोपाल शेट्टी ने नागरिकों को एक नई दिशा दिखाई प्रतिमा लगाकर

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : राजमाता जिजाऊ जयंती की पूर्व संध्या पर, बोरीवली पूर्व में एक बहुत ही भव्य राजमाता जिजाऊ चौक समर्पण समारोह आयोजित किया गया है। खाओ गोपाल शेट्टी के प्रयासों से बनाए गए राजमाता जिजाऊ चौक का उद्घाटन करने के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और एडी आशीष शेलार मौजूद थे। वहीं, विधान परिषद समूह नेता ए. प्रवीण भाऊ दरेकर, ए. सुनील राणे, ए. मनीषा चौधरी समेत कई जाने-माने अभिनेता, विचारक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे. इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि आज से हम पार्क सम्राट गोपाल शेट्टी को प्रेरणा सम्राट कहेंगे। क्योंकि उत्तरी मुंबई में श्री गोपाल शेट्टी ने प्रेरक महापुरुषों की प्रतिमाएं बनाकर उत्तरी मुंबई के नागरिकों को एक नई दिशा दिखाई है। इस बार मुंबई बीजेपी अध्यक्ष एड.ए. आशीष शेलार से गोपाल शेट्टी तक आदर्श सांसद बताया. धआज हम एक विकसित भारत देखते हैं। देश के प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गुलामी को मिटाने का काम किया है।ध जिस प्रकार राजपथ का नाम कर्तव्य पथ रखा गया, उसी प्रकार श्री गोपाल शेट्टी ने गुलामी के इतिहास को मिटाने का काम करते हुए उत्तरी मुंबई में कई महापुरुषों की मूर्तियाँ बनवाईं। आज राजमाता जिजाऊ की प्रतिमा इसका उदाहरण है। इस अवसर पर मुंबई अध्यक्ष ने कहा, ''इसके लिए आपको तीन बधाइयां।'' उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने रैयत के सम्मान और सुरक्षा के लिए लडाई लडी, उन्होंने खुद छत्रपति बनने के लिए लडाई नहीं लडी। साथ ही देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री मोदी जी ने रामललाना को भव्य मंदिर में स्थापित करने का काम किया. लाखों कारसेवकों के बलिदान से बाबरी बांध टूटा। अब भव्य राम मंदिर के साथ हम नये भारत की ओर बढ.रहे हैं. इसी तरह नॉर्थ मुंबई न्यू नॉर्थ मुंबई की ओर मुड. गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज, स्वाधीनता वीर सावरकर, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई और आज राजमाता जिजाऊ चौक खा. गोपाल शेट्टी का उद्घाटन करके आपने उत्तर मुंबई को एक नई दिशा देने का काम किया है।'' महाराष्ट्र के लोकप्रिय नेता देवेन्द्र फडणवीस ने अपने भाषण में नवी मुंबई में अटल सेतु की सौगात दी जिसका आज उद्घाटन किया गया उबथाना ने ताना मारते हुए कहा, धआपने लोगों में डर पैदा करने का काम किया है।ध उन्होंने कहा, धहम मुंबई को बदल रहे हैं!ध विधान परिषद समूह नेता ए. प्रवीण दरेकर, ए. योगेश सागर, ए. सुनील राणे, ए. मनीषा ताई चौधरी ने अपने-अपने भाषण में राजमाता जिजाऊ चौक के निर्माण के लिए श्री गोपाल शेट्टी की प्रशंसा की। इस अवसर पर समाज की कई प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध इतिहासकार वक्ता रविराज पराडक़र के ऑडियो विजुअल क्लिप भी दिखाए गए और रविराज पराडक़र का व्यक्तिगत अभिनंदन किया गया। संत हरिओमबाबू जी ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का अभिनंदन किया। अभिनेता प्रदीप काबरे, श्री महेश कोठारी, श्रीमती उज्वला जरे, श्रीमती वंदना लक्ष्मण कदम, श्रीमती सुचिता अवस्थी महिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती योगिता पाटिल को उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिलीप पंडित ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष गणेश खांकर ने किया.



# राजस्व मंत्री द्वारा कोंकण संभागीय राजस्व खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

## राजस्व विभाग ने खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अच्छी परंपरा कायम रखी है - राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटिल

**जेकेएस संवाददाता**

रत्नागिरी : माननीय राजस्व, पशुपालन और डेयरी विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटिल ने निष्कर्ष निकाला कि राजस्व विभाग ने क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित करने की एक अच्छी परंपरा बनाए रखी है। कोंकण संभागीय राजस्व खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता २०२३-२४ का खेल ज्योति जलाकर एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे उडाकर उद्घाटन करते हुए राजस्व मंत्री श्री. विखे-पाटील ने किया था. उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष के रूप में उद्योग मंत्री एवं पालक मंत्री उदय सामंत उपस्थित थे. सांसद विनायक राऊत, विधायक भास्कर जाधव, राजस्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजगोपाल देवडा, आयकर विभाग की आयुक्त डॉ. माधवी आरएम, संभागीय आयुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर, मुंबई उपनगर कलेक्टर राजेंद्र भोसले, मुंबई शहर कलेक्टर राजेंद्र क्षीरसागर, सिंधुदुर्ग कलेक्टर किशोर तावडे., रत्नागिरी पुलिस। अधीक्षक धनंजय कुलकर्णी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति किरण पुजार और अन्य उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री. विखे-पाटिल ने कहा, मेजबान पद पाने वाले रत्नागिरी जिले ने बहुत अच्छा आयोजन किया है. कलेक्टर और उनकी टीम को बधाई! ऐसी प्रतियोगिताओं से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एक-दूसरे को जान सकेंगे। उन्होंने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा को आगे मिलेगा। संरक्षक मंत्री श्री. सामंत ने कहा, संरक्षक मंत्री के रूप में, मैं उन सभी का स्वागत करता हूं जो प्रतियोगिता के उद्देश्य से इस जिले में आए थे। राजस्व का उद्देश्य महाराष्ट्र को विकास के मामले में आगे ले जाना है। सरकार में राजस्व एवं पुलिस विभाग का अद्वितीय महत्व है। उस महत्व को बरकरार रखा जाना चाहिए. इस अवसर पर शुभकामनाएँ। विधायक श्री जाधव ने कहा कि राजस्व विभाग ने देश की व्यवस्था को मजबूत किया है और रत्नागिरी जिले को प्रथम रैंक का सम्मान मिले, इसकी कामना की. संभागायुक्त डॉ. कल्याणकर ने कहा, राजस्व विभाग साल भर अलग-अलग तरह के काम कर रहा है। इन प्रतियोगिताओं के अवसर पर हमें इस जिले से नया जोश मिलेगा और हम अपने-अपने जिलों में अच्छा काम करेंगे। मैं अंकों को दायरा देने के लिए लगन से काम करूंगा। यही इन खेल आयोजनों का उद्देश्य है। इसे सफल बनायें. कलेक्टर एम. देवेन्द्र सिंह ने सभी का स्वागत किया और परिचय में खेल प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नासा और इसरो के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले जिला परिषद स्कूलों के छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में शिव प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये गये। इस मौके पर खिलाडिय़ों ने जुलूस निकाला और सलामी दी. इसके बाद प्रांत पदाधिकारी अजीत थोरबोले ने खिलाडिय़ों को शपथ दिलाई। प्रचलन में पहला- रत्नागिरी, दूसरा- रायगढ, तीसरा- मुंबई उपनगर। १०० मीटर दौड.पुरुष प्रथम- रत्नागिरी, द्वितीय- सिंधुदुर्ग, तृतीय- रायगढ। १०० मीटर दौड. महिला प्रथम- रत्नागिरी, द्वितीय- रायगढ, तृतीय- सिंधुदुर्ग। विजेताओं को राजस्व मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपर समाहर्ता शंकर बर्जे ने सभी को धन्यवाद दिया.




# मीरा भाईंदर में नमो चषक की शुरुआत




**भायंदर :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मीरा भायंदर शहर द्वारा सोमवार से नमो चषक के पंजीकरण की शुरुआत की गई.१४५ विधानसभा प्रमुख एड. रवि व्यास के मार्गदर्शन से एवं भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा के नेतृत्व में इस अभियान के तहत शंकर नारायण कॉलेज , अभिनव कनिष्ठ महाविद्यालय, एल आर तिवारी इंजीनियरिंग और डिग्री कॉलेज, रीना मेहता कॉलेज, एस. एल. पोरवाल हाई स्कूल, जे.एच. पोद्दार हाई स्कूल में पंजीकरण किया गया। इस का विद्यार्थियों में बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिला. ऐसी जानकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष पंकज (दरोगा) पांडे ने दी।उन्होंने कहा की आने वाले समय में युवा मोर्चा ऐसे ही पंजीकरण अभियान विभिन्न कॉलेजों में आयोजित करेगी।इस काम में विद्यार्थी आघाड़ी जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ,युवा मोर्चा मा संगठन महामंत्री आदित्य दुबे एवं सभी युवा मोर्चा के पदाधिकारी उनका भरपूर साथ दे रहे है।


## मिरा - भाईंदर महानगरपालिका

स्व. इंदिरा गांधी भवन,मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग, भाईंदर (प.) ता. जि. ठाणे - ४०१ १०१ दुरध्वनी क्र. ८१९२८२८

MBMC/Store/291/2023-24 Date: 11/01/2024

**// Tender Notice //**

Government /Semi-Government Institutions. Local Self Government Institutions are inviting online tenders form contractors with relevant experience for the following works. Blank tender form of this tender dated. 12/01/2024 to dt. On 22/01/2024 at 3.00 pm. The e-tendering of the Corporation will be available on the Government of Maharashtra's website http://mahatenders.gov.in till 3.00 pm. The hint amount. form fee will be accepted online through the online receipt system available on the e-tendering website. It should be noted. The tender for this work was called in two envelopes. On 23/01/2024 at 3.00 pm. These will be accepted online on the website till 3.00 pm. The tender was issued on. Will open on 24/01/2024. (Tender sanctioned amount Rs. 20.00 lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Form Fees + GST Tax 18% | EMD Deposit |
|---|---|---|---|
| 1. | PRINTING & SUPPLYING DIFFERENT TYPES OF FORMS, REGISTERS FOR MIRA BHAYANDER MUNICIPAL CORPORATION. | Rs. 5,100 + Rs.918 =Rs.6,018/- | Rs.85,000/- |

Ref.No.: MBMC/PRO/E-1296235/2023-24
Date: 12/01/2024

सही/-
(आकाश कडव)
लिपीक
मध्यवर्ती भांडार विभाग
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका



## ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

**नोटीस**

ज्याअर्थी, नगर रचना योजना क्र. १, ठाणे (यापुढे जिचा उल्लेख "उक्त नगर रचना योजना" असा करण्यात आला आहे) महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर रचना अधिनियम, १९६६ (यापुढे जिचा उल्लेख "उक्त अधिनियम" असा करण्यात आला आहे) चे कलम ८६ (२) मधील तरतुदीनुसार शासन नगर विकास विभागाची अधिसुचना क्र. टिपीएस-१२७८/११०६/नवि-५, दि.१८/९/१९८५ अन्वये मंजूर झाली असून, दिनांक १/५/१९८५ पासून अंमलात आली आहे.

आणि ज्याअर्थी, उक्त नगर रचना योजनेच्या स्कीम बुकच्या "फॉर्म-बी" मधील अ.क्र.१०५ येथे स.नं.४५०/१(पै), ४५०/३(पै), ४५७/१(पै) या भूखंडाकरीता मूळ भूखंड क्र. २०९/३ याप्रमाणे नमूद असून, त्यास अंतीम भूखंड क्रमांक १८३-अ, क्षेत्र -९८७३.८१ चौ.मी. व अं. भू.क्र. १८४-बी, क्षेत्र-११६९८.५० चौ.मी. याप्रमाणे दिला आहे. तसेच मालकी हक्काच्या रकान्यामध्ये अ.क्र.१०५ येथे (i) मे/मॉडेला टेक्सटाईल इंडस्ट्रीज प्रा. लि. व (ii) एम.आय.डी.सी. यांची संयुक्त नावे दर्शविण्यात आली आहे;

आणि ज्याअर्थी, अंतीम भूखंड क्रमांक १८३-अ या भूखंडामधील २०००.०० चौ.मी. क्षेत्राची जागा नागरी जमीन कमाल धारणा कायद्यान्वये ठाणे महानगरपालिकेकडे वर्ग होवून ती ठाणे महानगरपालिकेच्या ताब्यात आली असून, उर्वरित भूखंडावर ठाणे महानगरपालिकेने बांधकाम परवानगी दिली असून दि.१८/१०/१९९१ अन्वये वापर परवाना दिला आहे. सदर अंतीम भूखंड क्रमांक १८३-अ हा भूखंड महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळाच्या हद्दीबाहेर आहे. तसेच सदर भूखंडाच्या बाबत "फॉर्म-बी" मध्ये दुरुस्ती होणे आवश्यक असल्याचे नमूद करुन उक्त अधिनियमाच्या कलम ९१ नुसार उक्त नगर रचना योजनेमध्ये फेरबदल करण्याची विनंती सहायक संचालक नगर रचना, ठाणे महानगरपालिका यांनी शासनास दि. ५/८/२०२१ च्या पत्रान्वये केली आहे.

आणि ज्याअर्थी, संचालक, नगर रचना, महाराष्ट्र राज्य, पुणे यांचा सल्ला घेतल्यानंतर व आवश्यक ती चौकशी केल्यानंतर उक्त नगर रचना योजनेच्या "फॉर्म-बी" च्या तक्त्याच्या अ.क्र. १०५ मधील अंतीम भूखंड क्रमांक १८३-अ व अंतीम भूखंड क्रमांक १८४-बी यांच्या अ.क्र. व मालकी हक्काबाबतच्या रकान्यामध्ये फेरफार करणे तसेच अंतीम भूखंड क्रमांक १८४-ब बाबत मुळ भूखंड क्रमांक २०९/३ नमूद करण्याचे अनुषंगाने उक्त नगर रचना योजनेमध्ये फेरफार करणे आवश्यक आहे, असे शासनाचे मत झाले आहे.आता ज्याअर्थी, महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर रचना अधिनियम, १९६६ चे कलम ९१ चे पोट कलम (२) अन्वये प्राप्त अधिकारानुसार राज्य शासनाने ठाणे महानगरपालिकेस, नगर रचना योजना क्र. १, ठाणे मध्ये खालील बाबींसंदर्भात उक्त प्रस्तावित फेरफार कार्यान्वीत करणेसाठी प्राधिकृत केले आहे.

(अ) ठाणे नगर रचना योजना क्र. १ च्या "फॉर्म-बी" मधील अ.क्र.१०५ संदर्भात खालीलप्रमाणे फॉर्म-बी मध्ये दुरुस्ती करावी.

| अ.क्र. | अं.भु.क्र. | मालक | क्षेत्र चौ.मी. |
|---|---|---|---|
| १०५ | १८३-अे १ | मॉडेला टेक्सटाईल इंडस्ट्रीज प्रा. लि. | ७८७३.८१ |
| १०५ - अे | १८३- अे २ | ठाणे महानगरपालिका,ठाणे | २०००.०० |
| १०५ - बी | १८४- बी | महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळ | ११९६८.५० |

ब) अंतीम भूखंड क्रमांक १८४-अे बाबत मुळ भूखंड क्र. २०९/३ चा उल्लेख करण्याचे अनुषंगाने "फॉर्म- बी" मध्ये आवश्यक तो बदल करणे.

क) ठाणे महानगरपालिकेने त्यानुसार उक्त अधिनियमाच्या कलम ९१(२) मध्ये विहीत केलेप्रमाणे फेरफाराचा मसुदा तयार करून प्रसिध्द करावा.

आता त्याअर्थी, उक्त अधिनियमाच्या कलम ९१(२) अन्वये प्रस्तावित फेरफाराच्या अनुषंगाने, मूळ व अंतिम भूखंडांची क्षेत्रफळे आणि त्यांची मुल्ये आणि ठाणे महानगरपालिकेने प्रस्तावित केल्याप्रमाणे आपणास देय असलेल्या नुकसान भरपाईच्या रकमा किंवा आपणाकडून येणे असलेल्या अंशदानाच्या रकमा खाली दिल्याप्रमाणे असून, ही योजना तयार करण्याचा इरादा जाहिर केल्याच्या तारखेला अंदाजित असल्याप्रमाणे, ती सर्व मुल्ये अंदाजिलेली आहेत व ती पुढीलप्रमाणे आहेत.

| | मुळ भूखंड / भूमापन क्रमांक | | | | मुल्य (रुपये) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | गट व हिस्सा क्रमांक | मुळ भूखंड क्रमांक | क्षेत्रफळ चौ.यार्ड (चौ.मी.) | मुळ मुल्य प्रत्येक चौ. यार्ड ला रु. दराप्रमाणे | बांधकाम शिवाय | बांधकामासह |
| १. | मौजे पाचपाखाडी स.नं. ४५०/१ (पै), ४५०/३ (पै), ४५७/१ (पै), | २०९/३ | २९७८५.०० (२४९०३.२४) | रु. १/- | (क्ष १) - रु. २९७८५/- | (य १) - रु. २९७८५/- + x |
| | अंतिम भूखंड क्रमांक | | | | मुल्य रुपये | |
| | अंतिम भूखंड क्र. | क्षेत्रफळ चौ. यार्ड (चौ.मी.) | टक्केवारी | | बांधकाम शिवाय | बांधकामासह |
| | १८३-अे | ११८०९.३७ (९८७३.८१) | ४५.७७ | | (क्ष १/१) - रु.१३६३३/- | (य १/१) - रु.१३६३३/- + x |
| | १८४-ब | १३९९१.७४ (११६९८.५०) | ५४.२३ | | (क्ष १/२) - रु.१६१५२/- | (य १/२) - रु.१६१५२/- + x |
| | एकुण | २५८०१.११ (२१५७२.३१) | १००.०० | | रु. २९७८५/- | रु. २९७८५/- + x |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **अ)** अंतिम भूखंड क्रमांक - १८३-अे -मे. मॉडेला टेक्स्टाईल इंडस्ट्रीज प्रा लि. क्षेत्रफळ- ११८०९.३७ चौ.यार्ड (९८७३.८१ चौ.मी.) | | | |
| १) | उपान्त्य मुल्य प्रत्येक चौ.यार्ड ला रु. ०.८०/- दराप्रमाणे | | (क्ष२/१)-रु. ९४४८/- | (य२/१)- रु. ९४४८/- + x |
| २) | अंतिम मुल्य - प्रत्येक चौ.यार्ड ला रु.३.५०/- दराप्रमाणे | | (क्ष३/१) - रु.४१३३३/- | (य३/१)- रु.४१३३३/- + x |
| ३) | कलम १०० अन्वये आपणास देय असलेली नुकसान भरपाई : | | (य१/१) - (य२/१) | रु. ४१८५/- |
| ४) | कलम १०० अन्वये आपणाकडून येणे असलेले अंशदान | | (य२/१)- (य१/२) | (- ) रु. ४१८५/- |
| ५) | कलम ९८ अन्वये वाढ | | (क्ष३/१)- (क्ष२/१) | रु.३१८८५/- |
| ६) | ५० टक्के प्रमाणे कलम ९९ अन्वये वाढीचे अंशदान | | अ.क्रमांक ५ चे ५०% | रु. १५९४३/- |
| ७) | आपणास निव्वळ देणे / आपणाकडून निव्वळ येणे | | अ.क्रमांक ४ + अ.क्रमांक६ | रु. ११७५८/- |
| | **ब)** अंतिम भूखंड क्रमांक - १८४-ब -महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळ क्षेत्रफळ- ११५९९.६८ चौ.यार्ड (९६९८.५० चौ.मी.) | | | |
| १) | उपान्त्य मुल्य प्रत्येक चौ.यार्ड ला रु. १/- दराप्रमाणे | | (क्ष२/१)-रु. १३९९२/- | (य२/१)- रु. १३९९२/- + x |
| २) | अंतिम मुल्य - प्रत्येक चौ.यार्ड ला रु.३.५०/- दराप्रमाणे | | (क्ष३/१) - रु.६९९५९/- | (य३/१)- रु. ६९९५९/- + x |
| ३) | कलम १०० अन्वये आपणास देय असलेली नुकसान भरपाई : | | (य१/१) - (य२/१) | रु. २१६०/- |
| ४) | कलम १०० अन्वये आपणाकडून येणे असलेले अंशदान | | (य२/१)- (य१/१) | (-) रु. २१६०/- |
| ५) | कलम ९८ अन्वये वाढ | | (क्ष३/१)- (क्ष२/१) | रु.५५९६७/- |
| ६) | ५० टक्के प्रमाणे कलम ९९ अन्वये वाढीचे अंशदान | | अ.क्रमांक ५ चे ५०% | रु. २७९८४/- |
| ७) | आपणास निव्वळ देणे / आपणाकडून निव्वळ येणे | | अ.क्रमांक ४ + अ.क्रमांक६ | रु. २५८२४/- |

टिपा :-

१) मूळ मुल्य म्हणजे योजनेतील पूर्वकल्पित सुधारणा विचारात न घेता मूळ भूखंडाचे मुल्य (कलम ९७, पोट – कलम (१) खंड (फ))

२) उपान्त्य मूल्य म्हणजे भूखंडाच्या हद्दीतील फेरबदलामुळे झालेल्या सुधारणा व्यतिरीक्त योजनेत पुर्वकल्पित इतर कोणतीही सुधारणा विचारात न घेता अंतिम भूखंडाचे मुल्य म्हणजेच मूळ भूखंडाच्या आकारात सुधारणा झाल्यामुळे त्याचे होणारे मुल्य (कलम ९७, पोट-कलम (१) खंड (फ))

३) अंतिम मुल्य म्हणजे योजना पुर्ण झाली आहे असे गृहीत धरुन, योजनेत पूर्वकल्पित इतर असलेल्या सुधारणा विचारात घेऊन अंतिम भूखंडाने होणारे मूल्य.

सबब, उक्त नगर रचना योजनेत उक्त अधिनियमाच्या कलम ९१(२) अन्वये प्रस्तावित केलेल्या फेरबदलाच्या प्रस्तावास आपणास आक्षेप घ्यावयाचे असतील किंवा सुचना करावयाच्या असतील तर त्या लेखी स्वरुपात मा. प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग (नवि -१२), चौथा मजला, मंत्रालय, मुंबई ४०० ०३२ यांचेकडे सादर कराव्यात म्हणजे त्यांचा विचार उक्त फेरबदलाच्या प्रस्तावास अंतिम स्वरुप देण्यापूर्वी करता येईल. तसेच त्याची लेखी प्रत निम्न स्वाक्षरीकार यांचेकडेही सादर करणेत यावी. वरील कार्यवाही ही नोटीस मिळाल्यापासून एक महिन्याच्या मुदतीत करावयाची आहे. याची नोंद घेण्यात यावी. उक्त फेरबदलाचा प्रस्ताव राज्य शासनाने मंजूर केलेल्या उक्त नगर रचना योजनेत प्रस्तावित करण्यात आला असून, उक्त अधिनियमाच्या कलम ९१ च्या पोटकलम ६ अन्वये या फेरबदलाच्या प्रस्तावास राज्य शासनाची मंजूरी प्राप्त झाल्यानंतर अधिसूचनेच्या दिनांकापासून असा बदल, जणू काही तो परियोजनेत समाविष्ट केला आहे असे समजून अंमलात येईल.

ठामपा/पिआरओ/श.वि.वि./११७५/२०२३-२४
दि.१२.०१.२०२४

सही/-
सहायक संचालक नगर रचना,
ठाणे महानगरपालिका, ठाणे.

***Please visit our official website***
***www.thanecity.gov.in***

**उत्सवाला जबाबदारीची जोड देऊ या,**
**मताधिकाराने लोकशाही बळकट करु या !**

# भवनो के पुर्णविकास की समस्याओं के लिए हुआ सेमिनार का आयोजन




**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भायंदर: सहकारी आवास समिति की सभी समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक संस्था दीप किरण फाउंडेशन द्वारा आज सोमवार ०८ जनवरी २०२४ को दोपहर एक बजे सूचना के अधिकार के प्रचार-प्रसार पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मेघा पार्टी हॉल, मीरा रोड (पूर्व) बडे.उत्साह के साथ कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रमों में मुख्य उपस्थिति के रूप में मा. श्री किशन रत्नाले (उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, ठाणे तालुका) और साथ ही प्रो.एड. डॉ. नीलेश वैजयंती भगवान पावस्कर (औपचारिक परिषद और ए.जी.पी. बॉम्बे हाई कोर्ट, पूर्व प्रिंसिपल लॉ कॉलेज), भंडारी मंडल, दादर के ट्रस्टी शंकर उर्फ (नाना) हल्दनकर, शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मीरारोड के शहर प्रमुख माननीय। श्री. प्रशांत सावंत, वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता मा. श्री. दीप किरण फाउंडेशन के संस्थापक सुभाष चंद्र झा, मा. दीपाली किरण मांजरेकर मौजूद रहीं. क्या सहकारी आवास समितियाँ इस सूचना प्राधिकरण के अंतर्गत आती हैं? साथ ही भवनों के पुनर्विकास में आने वाली समस्याओं, सहकारी आवास समिति की अन्य समस्याओं सहित कई अन्य समस्याओं पर आज यहां सवाल-जवाब के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई। इन कार्यक्रमों में संपादक मा. श्री राजेश जाधव, संपादक सीमा गुप्ता, पत्रकार गणेश दिघे, आशीष मेश्राम, उद्योगपति सतीश ढाकने, उद्योगपति प्रदीप नायर, संदीप ढेकाले, रणनीति न्यूज.के धर्मेश सोनी, दिलीप मगर, एडवोकेट वैभव मोदक, एडवोकेट प्रभाकर अंबरे, इंटरनेशनल हेयर स्टाइलिस्ट श्याम शर्मा, महाराष्ट्र समाचार संपादक प्रवीण कांबले, पत्रकार आबाजी सावंत, वरिष्ट पत्रकार शिव शंकर तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पांडे, पत्रकार शोभा जाधव, एनसीपी उत्तरी मुंबई जिला अध्यक्ष सागर गायकवाड, संपादक तुकाराम देवकाते, पत्रकार भालचंद्र कांबली, पत्रकार हेमंत आंग्रे, पत्रकार सदानंद चंद्रशेखर कुलकर्णी, पत्रकार राजेश पांडे, शाखा प्रमुख नरेंद्र उपारकर, शाखा प्रमुख मंगेश पश्ते, शिवसेना नेता मुस्तफा वानरा, एनसीपी नेता ई. बी। मुल्ला, वरिष्ट पत्रकार बापू देशपांडे, सामाजिक कार्यकर्ता मा. श्री। पंकज नाइक, राकांपा नेता मा. श्री। निर्भीद पैंथर समाचार पत्र के संपादक अनिल गुरव, मा. राजेंद्र जाधव, शिव सेना बोरीवली विधानसभा संयोजक श्रीमती प्रतिष्का मांजरेकर, उद्योगपति हरीश थोरात, कांग्रेस नेता राजू गुप्ता, होटल व्यवसायी सतीश पुंजा, संपादक कलाकांत अठनिकर, लोकसेवा समाचार पत्र के पत्रकार मा. श्री। विजय काठे, मा. श्री निरंजन नवले, उप पंजीयक कार्यालय अधिकारी श्री राठौड. आदि उपस्थित थे। आम आदमी की सभी समस्याओं के समाधान के लिए श्रीमान... आप उच्च न्यायालय में जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं, इसके बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन। ईडी। नीलेश वैजयंती भगवान पावस्कर ने दर्शकों को संबोधित किया। शिवसेना के मीरारोड के शहर प्रमुख प्रशांत सावंत ने राय व्यक्त की कि सूचना के अधिकार का उपयोग सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए. पत्रकारों के सभी सवालों का उचित कानूनी तरीके से जवाब दिया गया. सूचना का अधिकार आवेदन और उसके बाद प्रथम अपील आवेदन और द्वितीय अपील आवेदन के बारे में बहुमूल्य जानकारी, सूचना का अधिकार कैसे लागू किया जाए, इस पर उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बहुत कम शब्दों में दीप किरण फाउंडेशन के अध्यक्ष और वरिष्ट सूचना अधिकार कार्यकर्ता श्री। किरण मांजरेकर ने दी।कार्यक्रमों में बडी संख्या में कई समाजों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में दीप किरण फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती दीपाली किरण मांजरेकर ने बताया कि दीप किरण फाउंडेशन नये साल में इसी तरह लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कई गतिविधियां करेगी. कार्यक्रम में आये पत्रकारों, समाजसेवियों, सहकारी आवास संगठन के पदाधिकारियों एवं व्यवसायियों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर विधिवत सम्मानित किया गया। श्री। गिरीश पटेल का सत्रहवाँ जन्मदिन इस बार भी बडे.हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## सांसद राजन विचारे की मेहनत रंग लाई, दीघा गांव रेलवे स्टेशन का हुआ उद्घाटन



**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे : भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दीघा गांव रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के बाद दीघा रेलवे स्टेशन पर शिवसैनिकों और दीघावासियों ने जमकर जयकारा लगाया. उस समय सहायक रेल प्रबंधक अखलाख अहमद, मुख्य परियोजना पदाधिकारी बीके जहा, परियोजना पदाधिकारी आरएस पाल, डीसीएम अरुण कुमार समेत रेलवे के वरिष्ट अधिकारी मौजूद थे. सांसद राजन विकारे ने स्टेशन पर आ रही ट्रेन को रोककर मोटरमैन का अभिनंदन किया. और दीघा गांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया. सांसद राजन विचारे ने दीघा गांव रेलवे स्टेशन का निर्माण करने वाले सभी इंजीनियरों और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया और उन्हें धन्यवाद दिया.

## बिना ऑडिट के चल रही है महानगरपालिका

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : मीरा-भायंदर महानगरपालिका के बजट में प्रावधान के अनुसार डेली डिपॉजिट खर्चा किया गया है या नहीं, यह देखने के लिए सरकार द्वारा प्रभारी मुख्य लेखा परीक्षक की नियुक्ति की जाती है। इस ऑडिटर द्वारा पिछले चार वर्षों से प्रबंधन की मंजूरी के लिए कोई ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।ऑडिट नहीं होने से अनावश्यक कार्यों में फिजूलखर्ची होती है।बजट में प्रावधान के अनुसार, नगर पालिका मनपा के वित्तीय मामलों की निगरानी और नियंत्रण के साथ-साथ धारा ९४ के तहत मुख्य लेखा परीक्षक द्वारा वार्षिक ऑडिट भी कराती है। , महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम, १९४९ की धारा १०५ और १०६, प्रशासन या स्थायी समिति द्वारा अनुमोदन के लिए हर साल या हर तीन महीने में प्रस्तुत करने का नियम है।लेकिन पिछले चार साल से ऑडिट विभाग की ओर से कोई ऑडिट नहीं किया गया है और न ही इसकी रिपोर्ट मंजूरी के लिए प्रशासन को सौंपी गयी है. २०२० से, मनपा ने ऑडिट के लिए सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों को लेखा परीक्षक और लेखा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। जबकि उन अधिकारियों के वेतन पर लाखों रुपये खर्च किये गये, लेकिन कोई ऑडिट नहीं किया गया। जबकि यह मुख्य लेखा परीक्षक, लेखा परीक्षा विभाग की जिम्मेदारी है कि वह उस अधिकारी द्वारा परीक्षा आयोजित करे,लेकिन वह अपने कर्तव्य में विफल रहा है।

## मीरा भाईंदर में एनसीपी के नए जिलाध्यक्ष पद पर विक्रम पाटील की नियुक्ती




**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भायंदर : मीरा भायंदर शहर मे एनसीपी अपनी जोर आजमाइश और ताकत बढाने के लिए तेज तर्रार युवा नेता गुलाम नबी फारुकी को कार्य अध्यक्ष के रूप मे शरद पवार के विचार और उनके हाथ मजबूत करने के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री जितेंद्र अव्हाड.के मार्गदर्शन मे एन सी पी को मजबूत और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले युवा गुलाम नबी फारुकी को कार्य अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के रूप मे विक्रेम तारे पाटील प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति पत्र देकर शुभ कामनाये भी दी है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मिरा भाईंदर शहर जिल्हा को अबतक जितने भी जिला अध्यक्ष मिले है अब अपने स्वार्थ के चलते हटाये गए है जबकि अल्पसंख्यक सेल मे गुलाम नबी फारुकी ईमानदारी से काम करते रहे जिसके बाद उन्हें अब एन सी पी की मुख्यधारा मे लाते हुए उन्हें कार्य अध्यक्ष नियुक्त किये जाने से मुस्लिम लोग जुडेंग़े वही पर विक्रम पाटील को जिला अध्यक्ष बनाये जाने से मराठा लोग जुडऩे की संभवना है.















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI